दिनांक 01.05.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

राष्ट्रपति अयोध्या

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर जाएंगी। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठान समारोह के बाद राम-जन्मभूमि की उनकी यह पहली यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मु शाम को हनुमानगढी भी जाएंगी और सरयू आरती में शामिल होंगी। राष्ट्रपति की यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

एलपीजी-कीमतें

तेल विपणन कंपनियों ने तत्काल प्रभाव से कामर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडरों की कीमतों में 19 रुपये प्रति यूनिट की कटौती की है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, अब इस सिलेंडर की खुदरा बिक्री कीमत दिल्ली में एक हजार सात सौ 45 दशमलव पांच रुपये, होगी। हालांकि, घरेलू उपयोग वाले एलपीजी की मौजूदा कीमतें ही रहेंगी।

प्रदेश चुनाव तैयारी

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 9 सीटों 7 मई को वोट डाले जाएंगे। जिनमें भोपाल, बैतूल, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा और राजगढ़ शामिल है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत तीसरे चरण के सभी 9 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। मुरैना में जरूरत अनुसार फोर्स उपलब्ध कराया जायेगा। भोपाल लोक सभा सीट के लिए करीब 23 लाख वोटर मतदान करेंगे। इसके लिए भोपाल और सीहोर में मिलाकर कुल 23 सौ मतदान केंद्र बनाए गए हैं। करीब 17 हजार कर्मचारी और अधिकारी मतदान ड्यूटी करेंगे।

मौसम

प्रदेश में तेज गर्मी का सिलसिला जारी है। राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के कई जिले धूप की तपिश को झेल रहे हैं। मई में भी तेज गर्मी, हीट वेव, बारिश और ओले का दौर रह सकता है। मई महीने में प्रदेश में पारा 47 डिग्री के पार जा सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार मई महीने में भी वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होंगे। इस वजह से तीसरे और चौथे सप्ताह में ओले-बारिश का दौर भी बन सकता है। प्रदेश में 7 मई को भोपाल, बैतूल, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा और राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग होगी। वहीं, चौथे चरण में 13 मई को इंदौर, देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, खरगोन और खंडवा लोकसभा क्षेत्र में वोट डाले जाएंगे। मौसम विभाग का अनुमान है कि वोटिंग के दौरान तेज गर्मी भी पड़ेगी।

पोस्टल बैलेट

प्रदेश में तीसरे चरण के मतदान से पहले निर्वाचन कार्य मे लगे अधिकारियों,कर्मचारियों और पत्रकारों के लिए निर्वाचन आयोग ने आज से तीन दिन तक पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा दी है। भोपाल लोकसभा जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि भोपाल में नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तुलसी नगर में पोस्टल बैलट से मतदान करने की सुविधा 3 मई तक उपलब्ध है।

जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

अब कुछ समाचार संक्षेप में....

1.भारतीय जनसंचार संस्थान - आई.आई.एम.सी. ने आगामी शैक्षणिक वर्ष से दो नए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू किए हैं।

2. शिवपुरी में ग्रामीण आजीविका समूह की महिलाओं ने आज पिपरसमां और रातोर ग्राम में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को 7 मई को वोट डालने की अपील की। इस दौरान महिलाओं ने भजन भी गए और रंगोली भी सजाई।

3. गुना में मई माह के प्रथम कार्य दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में कार्य की शुरुआत "राष्ट्र गीत" एवं "राष्ट्र गान" के साथ हुई।

4. राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र के लिये आगरमालवा जिले की सुसनेर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कल फ्लैग मार्च निकालकर नागरिकों को भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की। और

5. 5. बैतूल लोकसभा में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चिचोली विकासखंड में ग्राम पंचायत गोधना एवं ऊंचागोहान में ग्राम पंचायत एवं महिला बाल विकास द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।